# न्योफाइट्स - 3 फ्रेशर्स

दिनांक 31 जुलाई 2024 को महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय के संबद्ध स्वास्थ्य विज्ञान संकाय में नव प्रवेशी विद्यार्थियों के फ्रेशर में संस्कार और मस्ती की पाठशाला का अद्भुत संगम दिखा। आयोजन का आगाज शुरुआत विभागध्यक्ष डॉ. अमित कुमार दुबे और डॉ. अनुपमा ओझा ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। गणेश वंदना व सरस्वती वंदना के साथ आयोजन का आगाज हुआ। बायोकेमेस्ट्री विभागध्यक्ष डॉ. अनुपम ओझा ने कहा कि"न्योफाइट्स" एक ग्रीक शब्द है जिसका अर्थ है "नया सदस्य"।

यह आयोजन छात्रों को अपनी प्रतिभाओं को सृजनात्मक क्षमता को प्रदर्शित करने और अपने आत्मविश्वास को बढ़ाने का एक महत्वपूर्ण मंच प्रदान करता है। फ्रेशर पार्टी में विभिन्न गतिविधियों, खेलों, और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों का आयोजन किया गया, जिससे नए और पुराने विद्यार्थियों ने एक-दूसरे के साथ सृजनात्मक सांस्कृतिक गतिविधियों को साझा किया। फ्रेशर पार्टी में संगीत, नृत्य, नाटक, और प्रतियोगिताओं में सभी विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। 15 दिवसीय दीक्षारंभ के अंतिम दिन वरिष्ठ विद्यार्थियों ने अपने अनुज छात्र छात्राओं का स्वागत कर सांस्कृतिक उत्सव को कला और संस्कृति के रंग से सराबोर कर दिया। सावन के कजरी गीतो से छात्र छात्राओं ने सभी का मन मोह लिया। साथ ही नए पुराने गीतो के रिमिक्स पर सभी जी भर के थिरके, रैंप वॉक, खेल खेल में हुनर दिखाओ प्रतियोगिता में नृत्य, गीत, डायलाग, हास्य व्यंग से सभी को गुदगुदाया। कार्यक्रम में अनेक सांस्कृतिक कार्यक्रम सीनियर बैच द्वारा प्रस्तुत किया गया। मिस्टर फ्रेशर कार्तिकेय श्रीवास्तव व मिस फ्रेशर मुस्कान को कड़ी स्पर्धा से निर्णायक मंडल ने चयनित किया।

संबद्ध स्वास्थ्य विज्ञान संकाय के अधिष्ठता डॉ. सुनील सिंह ने सभी नव प्रवेशी छात्र छात्राओं को अकादमिक सत्र में प्रवेश की शुभकामना दिया। कार्यक्रम का संचालन प्रशांत गुप्ता ,असीफिया इकरम, आंचल पाठक, सुप्रिया शर्मा, अनुष्का द्विवेदी और आशुतोष मणि त्रिपाठी ने किया। आयोजन में प्रमुख रूप से राहुल दुबे ,नवनीत जायसवाल , ठाकुर विभव राज, अभिषेक यादव, मृत्युंजय चौरसिया, आख्या दुबे, दीपिका त्रिपाठी, प्रीति शर्मा, विष्णु अग्रहरि, अशोक कुमार चौधरी, आदित्य सिंह, काव्यांजलि ने आयोजन में महती भूमिका निभाया। आयोजन में प्रमुख रूप से डॉ धीरेंद्र सिंह,डॉ.पवन कनौजिया, डॉ प्रेरणा अदिति , डॉ अंकिता मिश्रा, श्री धनंजय पांडेय, अनिल मिश्रा, अनिल शर्मा, डॉ. रश्मि झा, डॉ. अखिलेश दूबे, डॉ. संदीप श्रीवास्तव, सृष्टि यदुवंशी सहित सभी शिक्षक गण उपस्थित रहे |




गोरखनाथ विश्वविद्यालय गोरखपुर
सम्बद्ध स्वास्थ्य विज्ञान संकाय
दीक्षारम्भ
सत्र : 2024-25
तिथि :
16 जुलाई - 31 जुलाई, 2024


MAHAYOGI GORAKHNATH UNIVERSITY GO
Faculty of Allied Health Scie
Student Induction Programm
Session : 2024-25
Date : 16 July -31 July, 2024


महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय गोरखपुर
सम्बद्ध स्वास्थ्य विज्ञान संकाय
दीक्षारम्भ
सत्र : 2024-25
MAHAYOGI GORAKHNATH UNIVERSITY GORAKHPUR
Faculty of Allied Health Sciences
Student Induction Programme


Student Induction
Mr Fresher


स्वास्थ्य विज्ञान संकाय
दीक्षारम्भ
सत्र : 2024-25
तिथि :
16 जुलाई - 31 जुलाई, 2024
MAHAYOGI GORAKHNATH UNIVERSITY GORAKHPUR
Faculty of Allied Health Sciences